सार-समाचार

मारपीट के 3 आरोपियों को जेल की सजा

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। अपर सेशन कोर्ट संख्या-1 के जज ने मारपीट और जानलेवा हमले के एक मामले में 3 आरोपियों को दोषी करार देते हुए 5-5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों पर कुल 31 हजार 500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अपर लोक अभियोजक नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि लाला उर्फ भरतराज उर्फ भरतराम निवासी जीरोता, थाना सपोटरा, मनोज कुमार निवासी शेखपुरा, थाना सपोटरा और संदीप निवासी गढ़खेड़ा, थाना गढ़मोरा, जिला करौली को दोषसिद्ध किया गया है। कोर्ट ने अर्थदंड की राशि में से 20 हजार रुपए घायल मुकेश को प्रतिपूर्ति के रूप में देने का भी आदेश दिया है। यह मामला वर्ष 2014 का है, जो रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी और उसके बाद हुई मारपीट व जानलेवा हमले से जुड़ा है। परिवादी रजनेश उर्फ पायलट पुत्र भूरसिंह, निवासी नया गांव, थाना पीलोदा ने रिपोर्ट में बताया था कि उसने भरतराज मीना को नौकरी लगवाने के लिए एक लाख रुपए दिए थे। रुपए वापस मांगने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि वसुंधरा कॉलोनी में बुलाकर भरतराज, मनोज और उनके अन्य साथियों ने रजनेश पर हमला किया। मनोज ने फायरिंग की, भरतराज ने तलवार से वार किया, जबकि अन्य आरोपियों ने मारपीट की। इस हमले में रजनेश और उसका साथी मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें जयपुर रेफर किया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता के तहत दोषी पाए जाने पर यह सजा सुनाई है।

पेयजल संकट, बुर्जुग ने प्रदर्शन किया

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। वजीरपुर में पेयजल संकट से परेशान एक बुजुर्ग ने बुधवार को हिंडौन-गंगापुर रोड पर जलदाय विभाग कार्यालय के सामने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। किशोरपुर निवासी सोहनलाल मीणा नामक बुजुर्ग ने सड़क पर लेटकर अपनी समस्या उजागर की। बुजुर्ग सोहनलाल मीणा का आरोप है कि उनके घर में पिछले लगभग दो वर्षों से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इस संबंध में उन्होंने कई बार जलदाय विभाग में शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। पेयजल संकट से तंग आकर उन्होंने मजबूरी में यह कदम उठाया, जिससे कुछ समय के लिए सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर जलदाय विभाग के अधिकारी और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बुजुर्ग से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली और उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। जलदाय विभाग के अधिकारियों ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए जल्द ही पानी की आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद बुजुर्ग ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर सड़क जाम खुलवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। कई मोहल्लों में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिसके कारण लोगों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने विभाग से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

आवास योजना में तेजी लाने के निर्देश

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। बुधवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिला परिषद सवाई माधोपुर के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन आवासों के लिए पहली किश्त स्वीकृत हो चुकी है, उनका कार्य 15 दिन के भीतर शुरू कराया जाए। साथ ही, निर्धारित मापदंडों के अनुसार जियो टैग कर दूसरी किश्त की प्रक्रिया पूरी करने के आदेश भी दिए गए। योजना के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। सांसद मद और विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय पर पूरा करने पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, स्वामित्व योजना के लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के आदेश भी जारी किए गए। बैठक में आवास प्रभारी घनश्याम मीना, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी केदारलाल प्रजापत, सहायक अभियंता भगवान सहाय गुप्ता, लेखाधिकारी मनीष शर्मा और स्वामित्व योजना प्रभारी केदार गोयल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इनमें जांच शाखा से मदन मोहन गुप्ता, वरिष्ठ सहायक सत्यप्रकाश सैन, जिला परिषद के कनिष्ठ अभियंता, कनिष्ठ तकनीकी सहायक, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक और ग्राम रोजगार सहायक शामिल थे।

हिण्डौन सिटी में बजट प्रश्न 2026' शुरू

करौली/हिण्डौन सिटी,(का.सं.)। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत 'मेरा युवा भारत द्वारा युवाओं की बजट संबंधी समझ बढ़ाने एवं उनके विचारों को मंच देने के उद्देश्य से ' 2026' कार्यक्रम का शुभारंभ 3 फरवरी से किया गया। इसके तहत करौली जिले के हिण्डौन सिटी ब्लॉक में विभिन्न महाविद्यालयों में युवाओं के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। टीम ने राजकीय महाविद्यालय, निर्मल नर्सिंग कॉलेज एवं श्रीमती इंदिरा प्रियदर्शनी महिला महाविद्यालय में जाकर छात्र-छात्राओं से प्रत्यक्ष संवाद किया और ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण कराए। प्रत्येक महाविद्यालय में 100 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने कहा कि 2026 युवाओं को बजट प्रक्रिया और आर्थिक नीतियों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस पहल से युवा न केवल बजट को समझेंगे बल्कि अपने सुझावों के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी भी निभाएंगे। विभाग संयोजक योगेन्द्र डागुर ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने में इस कार्यक्रम की भूमिका को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में नेहरू कॉलेज की छात्रा मनीषा कुमारी ने गीत प्रस्तुत किया, जिन्हें त्रिपाठी द्वारा पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पंजीकरण की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2026 निर्धारित है। आने वाले दिनों में जिले के अन्य शिक्षण संस्थानों में भी अभियान चलाया जाएगा।

संविदा पर रोक व पुनर्संरचना की मांग

हिण्डौन सिटी,(का.सं.)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) की राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी इकाई द्वारा राजसेस महाविद्यालयों की वर्तमान संकल्पना एवं संचालन व्यवस्था के विरोध में शांतिपूर्ण एवं मर्यादित विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर काली पट्टी बांधकर तथा मांगों से संबंधित प्ले-कार्ड्स लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। महासंघ का कहना है कि योजना के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों का वर्तमान स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के विपरीत है। स्थानीय इकाई के सचिव डॉ. रीतेश जैन ने बताया कि इन महाविद्यालयों में स्थायी अकादमिक ढांचे का अभाव, अपर्याप्त अधोसंरचना एवं संसाधन, शोध एवं नवाचार की सीमित संभावनाएँ तथा संविदा एवं अस्थायी नियुक्तियों पर आधारित अध्यापन व्यवस्था राज्य की उच्च शिक्षा को गुणवत्ता, बहुविषयकता एवं अकादमिक निरंतरता से दूर ले जा रही है। जिला सह सचिव डॉ. श्रीनिवास गुर्जर ने जानकारी दी।

मॉडल स्कूल में योजनाओं की दी जानकारी

करौली, (का.सं.)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में मंगलवार को महिला अधिकारिता विभाग करौली की ओर से विद्यार्थियों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं से अवगत कराकर उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि केंद्र प्रबंधक सोनाक्षी व्यास, परामर्शदाता सुपिता चतुर्वेदी एवं मिथलेश सैनी ने आरएससीआईटी, आरएससीएफए, आरएससीएसईपी योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, नारी शक्ति उद्गम प्रोत्साहन योजना, उड़ान योजना, शिक्षा सेतु योजना तथा कालीबाई भील योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया, पात्रता और लाभ प्राप्त करने के तरीकों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश कुमार मीणा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

ग्राम शिक्षा सशक्तीकरण के इंटरव्यू

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। ग्राम शिक्षा सशक्तीकरण अभियान के अंतर्गत शिक्षा सहयोगी (बाल प्रेरणा शिक्षिकाओं) के इंटरव्यू आयोजित किए गए। शिक्षण एवं सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को गंगापुर सिटी ब्लॉक में आयोजित इन इंटरव्यू में कुल 90 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। संस्था के जिला मुख्य एवं ब्लॉक समन्वयक आसिफ खान ने जानकारी दी।

भरतपुर महोत्सव 13 से 19 फरवरी तक, तैयारी पर चर्चा की

भरतपुर, (नि.सं.)। भरतपुर के 293वें स्थापना दिवस को भव्य, रोचक एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त कलैक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 13 से 19 फरवरी तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा, गतिविधियों तथा विभिन्न विभागों, संस्थाओं एवं संगठनों की सहभागिता को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

अतिरिक्त कलैक्टर प्रशासन ने कहा कि भरतपुर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से जिले के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध धरोहर, संस्कृति एवं पर्यटन से आमजन का भावनात्मक जुड़ाव स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय कार्यक्रमों में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि पूरे जिले में एक महोत्सव जैसा वातावरण बन सके। उन्होंने भरतपुर में किए जा रहे विकास कार्यों के विजन को प्रदर्शित करने हेतु एक प्रभावी डॉक्युमेंट्री तैयार करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही नगर निगम के माध्यम से शहर में वार्डवार सात दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाने तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर हेतु जन जागरूकता अभियान संचालित करने पर बल दिया।

निदेशक केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान चेतन कुमार बीवी ने बताया कि स्थापना दिवस के अंतर्गत 14 फरवरी को घना पक्षी विहार परिसर में राष्ट्रीय उद्यान से संबंधित फोटो प्रदर्शनी, विदेशी पर्यटकों एवं विद्यार्थियों के लिए रोचक प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। फोटो प्रदर्शनी के लिए आवेदन 10 फरवरी तक आमंत्रित किए जाएंगे, जिसमें स्थानीय फोटोग्राफरों को प्राथमिकता दी जाएगी।

अतिरिक्त कलैक्टर शहर राहुल सैनी ने बताया कि विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में 14 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय फ्लावर शो में अधिकाधिक नर्सरियों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा, जिससे युवा पीढ़ी में औषधीय पौधों एवं हरित पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़े। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा भरतपुर के पर्यटन स्थलों पर आधारित पेंटिंग, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिताओं में निजी एवं राजकीय विद्यालयों की टीमों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 17 फरवरी को नई मंडी में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकाधिक लोगों को भाग लेने का आ ान किया। संयोजक गिरधारी तिवारी ने बताया कि 13 फरवरी को महाराजा सूरजमल जयंती के अवसर पर किशोरी महल में पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं भरतपुर की समृद्ध ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत पर भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव की शुरुआत 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे महाराजा सूरजमल जयंती के अवसर पर महाराजा सूरजमल स्मारक, किशोरी महल में पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी तथा प्रातः 11 बजे महावीर समिति द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। 14 एवं 15 फरवरी को प्रातः 7 बजे केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण, प्रातः 8 बजे रस्साकशी एवं दौड़ प्रतियोगिता, प्रातः 10 बजे घना बर्ड फेस्टीवल व फोटोग्राफी प्रदर्शनी जैसे आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व प्रसिद्ध शास्त्री पार्क में 14 से 16 फरवरी तक दोपहर 12 बजे से तीन दिवसीय फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। इसी अवधि में डिस्ट्रिक्ट क्लब में लॉन्ग टेनिस, बैडमिंटन एवं शतरंज की खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। 16 फरवरी को राजकीय संठाहालय, किला में प्रातः 9 बजे से चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 17 फरवरी को प्रातः 10 बजे से नई मंडी में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

वहीं दोपहर 3 बजे से बीडीए ऑडिटोरियम में रामायण आधारित एकल सुरताल कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 18 फरवरी को प्रातः 9 बजे बिहारी जी मंदिर में महाआरती का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे टाउन हॉल, किला में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सायं 6 बजे श्री बांके बिहारी जी मंदिर से किशोरी महल तक भव्य दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव के समापन दिवस 19 फरवरी को प्रातः 7 बजे नगर निगम के प्रमुख चौराहों पर रंगोली सजावट कार्यक्रम, प्रातः 7.30 बजे स्वाभिमान मार्च, प्रातः 9 बजे पुष्पांजलि एवं मंच व्यवस्था कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सायंकाल 6 बजे विश्व प्रसिद्ध शास्त्री पार्क में भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ भरतपुर महोत्सव 2026 का समापन होगा।

बैठक में उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार, एलडीएम पीएनबी प्रशांत कुमार, जिला समन्वयक लोहागढ़ विकास परिषद योगेश शर्मा, संयोजक भरतपुर स्थापना दिवस अनुराग गर्ग, एडवोकेट श्रीनाथ शर्मा, मनोज कुमार, जिला व्यापार संघ से संजीव गुप्ता, एमएसजे कॉलेज से डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, आरडी गर्ल्स कॉलेज से डॉ. निशा गोयल, सीओ स्काउट देवेन्द्र, हरित बृज सोसायटी से विष्णु कुमार शर्मा, सत्येन्द्र यादव, महेशचन्द सिंघल, अध्यक्ष वाणी प्रदूषण मुक्ति संस्थान ओमप्रकाश आजाद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गजेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में कर्मचारियों की मांगें बताई

भरतपुर, (निस)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के प्रांतीय आवाहन पर कर्मचारियों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए 4 फरवरी 2026 को भरतपुर संभाग पर गजेन्द्र सिंह राठौड़ महासंघ प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महासंघ संरक्षक अवधेश शर्मा त्रिगुणायत एवं जिलाध्यक्ष योगेश कुमार के अनुसार सम्भागीय आयुक्त को ज्ञापन मे उल्लेखित मांगें, जिनमे मंत्रालयिक संवर्ग की द्वितीय पदोन्नित पर 4200 ठोड पे, पदोन्नित में 2 वर्ष की शिथिलता, जेल प्रहरी की वेतन विसंगति एवं भत्ते, सेवारत और संघर्षशील फार्मासिस्ट की वेतन विसंगति पदोन्नित एवं भर्ती, ठेका संविदा कर्मियों को नियमित किया जाना, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण, जनता जल योजना कर्मियों को नियमित किया जाना, विभिन्न विभागों में ठेके पर लगे हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को ठेका प्रथा से मुक्ति देते हुए स्थाई नियुक्ति, संविदा पर नियुक्त नर्सिग एवं फर्मासिस्ट कर्मचरियों की स्थाई नियुक्ति, अंशकालीन रसोइये, चौकीदार, आगंबाड़ी महिलाओ को नियमित किया जाना, सभी संवर्गो की वेतन विसंगति दूर करना, तृतीय श्रेणी शिक्षको के स्थानांतरण सहित तमाम के साथ साथ भरतपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र होने के कारण भरतपुर शहर को बी2 श्रेणी में करते हुए एचआरए की मांग प्रमुखता से रखते हुए विस्तृत रूप से अवगत कराया।

कार्यकारी जिलाध्यक्ष मुरारी लाल मीना ने बताया कि सरकार द्वारा कर्मचारियों से किए हुए वायदे को पूरा न करने पर विरोध प्रदर्शन किया गयां जिनमें महासंघ एकीकृत के प्रदेश से आए पदाधिकारी मधुबाला शर्मा प्रदेशाध्यक्ष आंगनबाड़ी संघ, अजयवीर सिंह, प्रदेशाध्यक्ष वन विभाग वाहन चालक संघ, ओम चौधरी महासंघ संयुक्त महामंत्री, बहादुर सिंह वित्त मंत्री, प्रभु सिंह रावत सहायक वित्त मंत्री, शशि शर्मा, संभाग प्रभारी भागेंद्र सिंह परमार, धौलपुर जिलाध्यक्ष चंद्रभान चौधरी, भरतपुर जिला कार्यकारिणी के सलाहकार बच्चन सिंह मदेरणा (वरिष्ठ लेब टेक. से. नि.) , कार्यकारी जिलाध्यक्ष मुरारी लाल मीना, सचिव रामेश्वर दयाल पाठक, प्रवक्ता कन्हैया लाल शर्मा, विकास दीक्षित वित्त मंत्री, सदस्य रवि शर्मा, सतपाल, सुंदर सिंह, गुड्डू, आयुर्वेद संघ से सतवीर सिंह, तेजवीर सिंह, यादवेन्द्र सिंह, करतार सिंह सहित आंगनबाड़ी महिलायें व सभी विभागों के संघर्षरत कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

उदेई मोड पुलिस ने स्थायी वारंटी पकड़ा

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। उदेईमोड़ थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई भरतपुर रेंज में चलाए जा रहे श्ऑपरेशन शिकंजाश अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी याकुब पुत्र मुंशी (27 वर्ष), निवासी सेवा थाना वजीरपुर, हाल निवासी उस्मान कॉलोनी गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी के प्रकरण में वांछित था। उस पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत आरोप हैं। आरोपी याकुब को मुखबिर की सूचना पर गंगापुर सिटी के बाईपास रोड नादौती चौराहा से गिरफ्तार किया गया। सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, गंगापुर सिटी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और वृताधिकारी के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। उदेईमोड़ थानाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसमें हेड कांस्टेबल संदीप सिंह, कांस्टेबल कैलाशचंद और कांस्टेबल बलवीर सिंह शामिल थे।

शहद प्रसंस्करण पर जोर दिया

भरतपुर, (निस)। उद्यान विभाग भरतपुर द्वारा राजस्थान सरकार की पंचगौरव एक जिला एक उपज "शहद" योजनान्तर्गत एटीसी मलिकपुर पर मधुमक्खी पालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

योजना के जिला नोडल अधिकारी हरिन्दर सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मधुमक्खी पालकों की आय बढ़ाने के लिए उद्यिमता का विकास कर इस उद्योग की बारीकियों से अवगत कराना है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने मधुमक्खी पालन के व्यावसायिक दृष्टिकोण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालक कच्चा शहद बेचते हैं, जबकि उसकी उचित प्रोसेसिंग कर बेचना ज्यादा लाभकारी है। अतिरिक्त निदेशक देशराज सिंह ने मधुमक्खी पालन परिचय, उपयोगिता एवं सम्भावनाओं पर व्याख्यान दिया। सहायक निदेशक उद्यान अमर सिंह ने बताया कि मधुमक्खी मित्र कीट है। यह शहद देने के साथ फसलों की परागण क्रिया कर बीज उत्पादन बढ़ाने में सहायक है। डॉ. अमर सिंह पूर्व डीन कृषि महाविद्यालय कुम्हेर ने मधुमक्खी पालन हेतु आवश्यक वार्षिक कलेण्डर की जानकारी साझा की। सहायक निदेशक कृषि राधारमण शर्मा ने शहद एवं अन्य उत्पाद प्रसंस्करण की जानकारी दी। रामनिवास सहायक प्रोफेसर ने मधुमक्खी के कीट एवं व्याधि प्रबंधन पर व्याख्यान दिया।

भुसावर में अमरूद जैली निर्माण का प्रशिक्षण दिया

भरतपुर, (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस केम्प के दूसरे दिन वॉलण्टियर्स को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार कौशल प्रदान करने हेतु अमरूद की जैली बनाना सिखाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि बेरोजगारी युवाओं की मुख्य समस्या हैं तथा फल-सब्जी प्रसंस्करण में युवाओं को रोजगार की अपार संभावनाए हैं।

ग्रामीण दूध से पनीर, पाउडर, या खोवा बनायें पशु आहार फैक्ट्री स्थापित करें, फल एवं सब्जियों की प्रोसेसिंग करें तथा गेहूं का दलिया, आलू की चिप्स आदि बनाकर बेचें तो किसान की आय चार से पांच गुना बढ़ सकती है।

विकसित भारत 2047 के लिए युवाओं को कौशलयुक्त रोजगार देना जरूरी है।

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ है, अतः हमें खाद्य प्रशिक्षण उद्योग को पनपाना जरूरी है। एनएसएस प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने कहा कि एनएसएस वॉलण्टियर्स में उद्यिमता का विकास देश के निर्माण के लिए आवश्यक है।

भारत में 1.5 लाख करोड़ से अधिक मूल्य के फल व सब्जी तुडाई पश्चात उचित प्रबंधन के अभाव में नष्ट हो जाते हैं, यह एक बड़ा नुकसान है। अतः में इसे रोकना हमारी प्राथमिकता है। इस कैम्प में 60 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं तथा इस अवसर पर भानुप्रिया पंकज, डॉ. एस एल यादव सहित समस्त महाविद्यालय सदस्य उपस्थित थे।

राजसेस कॉलेजों में संविदा भर्ती पर रोक की मांग

भरतपुर, (निस)। राजसेस महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों की चयन प्रक्रिया पर तत्काल रोक एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पुनर्संरचना की माँग अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) की महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर इकाई द्वारा आज राजसेस महाविद्यालयों की वर्तमान संकल्पना एवं संचालन व्यवस्था के विरोध में शांतिपूर्ण एवं मर्यादित विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर काली पट्टी बांधकर तथा मांगों से संबंधित प्ले-काड्र्स लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। महासंघ का स्पष्ट मत है कि तूं.र.ब्मै् योजना के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों का वर्तमान स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना के विपरीत है। प्रदर्शन के उपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री के नाम पृथक-पृथक ज्ञापन प्रस्तुत कर शीघ्र समाधान की मांग की गई। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन को लोकतांत्रिक एवं आंदोलनात्मक मार्ग अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

आज के इस विरोध प्रदर्शन में महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर इकाई सचिव डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, सह सचिव डॉ देशमुख धाकड़, कोषाध्यक्ष डॉ सतीश कुमार, अध्यक्ष प्रोफेसर राम किशोर उपाध्याय, उपाध्यक्ष प्रोफेसर मुकेश यादव, सम्पर्क प्रमुख डॉ सुमन गोयल एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर योगेंद्र कुमार भानू, प्रोफेसर शिल्पी दीप माथुर, प्रोफेसर अंजू तवर, प्रोफेसर संतोष गुप्ता प्रोफेसर जैनेंद्र गुप्ता प्रोफेसर मंजूलता, प्रोफेसर जैनेंद्र गुप्ता, प्रोफेसर निहाल सिंह ,प्रोफेसर राजराम, प्रोफेसर अर्चना सिंह, प्रोफेसर सरोज तोमर, डॉ डिम्पल जायसवाल, डॉ सुनयना सिंह, डॉ विष्णु गुप्ता, सुदर्शन गोयल, डॉ शशि कांत भारद्वाज, डॉ धर्मवीर गुर्जर, डॉ मनोज सिनसिनवार, डॉ अमित रैंकवार, डॉ जितेंद्र रैंकवार, पंकज कुमार, डॉ गरिमा जैन, डॉ कविता वर्मा, योगेश मधुकर, आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

गंगापुर सिटी संवाददाता के अनुसार : अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की राजकीय महाविद्यालय इकाई ने राजसेस (राजकीय संविदा आधारित उच्च शिक्षा सेवा) कॉलेजों की मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्राध्यापकों ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर काली पट्टी बांधकर और मांगों से जुड़े पोस्टर लेकर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के उपरांत महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी और जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में इस समस्या के समाधान की मांग की। इस प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार दुबे, जिला सचिव डॉ. महेंद्र कुमार मीणा, इकाई सचिव डॉ. धीरज कुमार गुप्ता सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

शिव जयंती महोत्सव होगा

भरतपुर, (निस)। परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण की दिव्य स्मृति में जाने वाले पावन पर्व महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा भरतपुर द्वारा त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, आध्यात्मिक ईश्वरीय वातावरण के बीच किया गया।

महोत्सव का शुभारंभ भरतपुर के गाँव जघीना, सिनपिनी,जसवंत नगर में स्थित ब्रह्मा कुमारी पाठशाला पर शिव ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर परमात्मा शिव की स्मृति में वातावरण शांति से परिपूर्ण हो गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सद्भावना रैली एवं सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रह्मा कुमारी बहिने एवं बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने सहभागिता की। रैली के अंतर्गत परमात्मा शिव के गुणों का जयघोष से जन-जन तक परमात्मा शिव का संदेश दिया एवं महाशिवरात्रि शांति, पवित्रता, सद्भाव और आत्मिक ईश्वरीय जागरण का संदेश पहुंचाया। ब्रह्माकुमारी दीदियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया, जिससे वातावरण और भी उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए ब्र. कु. कविता दीदी ने बताया कि 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव, 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पूरे जिले में चलेगा जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थान रूपबास, डीग, नगर, बयाना, वैर,नदवई, पहाड़ी, सीकरी, भुसावर,नदबई, उच्चौन, ओल एवं गांवों, कस्बों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सुनिश्चित कीजिए उनकी मुस्कुराहट
प्लस सुरक्षा
पेश है
एलआईसी का
प्रोटेक्शन प्लस
विशेषताएँ:
आपकी आवश्यकताओं के अनुसार अनेक निवेश फंड विकल्प उपलब्ध
अपनी जोखिम बीमा-सुरक्षा बढ़ाएँ, टॉप अप प्रीमियम भुगतानों के साथ
आयु एवं अवधि के अनुसार उच्च बीमा राशि चुनने का विकल्प
5 वर्ष बाद आंशिक निकासी की अनुमति
प्लान सं.: 886 यूआईएन: 512L361V01
एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत प्लान
ऑनलाइन भी उपलब्ध
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें
विज़िट करें: www.licindia.in
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever
IRDAI Regn No.: 512
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2025-26 /20/Hin
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐस